2024 के अंत तक यूपी में पूरी होंगी पांच लाख करोड़ की परियोजनाएं

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी बोले- योगी ने बदली प्रदेश की तस्वीर

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को लखनऊ में कहा कि यूपी में 2024 के अंत तक पांच लाख करोड़ की परियोजनाओं के काम समाप्त करेंगे और कुछ नई परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि 2014 से 2022 तक छह हजार किमी सड़क का कार्य पूरा किया है। सवा लाख करोड़ की लागत से तीन हजार किमी लंबी सड़कों का निर्माण चल रहा है। 80 हजार करोड़ की लागत से बनने वाली 3500 किमी सड़कों की डीपीआर बन रही है। भविष्य के लिए 1.50 लाख करोड़ लागत की 120 परियोजनाओं का अध्ययन कर रहे हैं।

गडकरी ने कहा कि 12 हजार करोड़ से 480 किमी के भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर से भोपाल-कानपुर के बीच की दूरी सात घंटे में तय होगी। बताया कि गोरखपुर से शामली के बीच 35 हजार करोड़ रुपये की लागत से 840 किलोमीटर लंबा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस बना रहे हैं। यह गोरखपुर, बहराइच, बलरामपुर, अयोध्या, सीतापुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ से शामली तक बनेगा। इसे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। गडकरी ने कहा कि सीएम योगी के कहने पर गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक 25 हजार करोड़ रुपये की लागत से 6 लेन ग्रीनफिल्ड हाईवे बनने जा रहा है। वहीं, वाराणसी से कोलकाता तक 25 हजार करोड़ की लागत से नया ग्रीनफील्ड हाईवे बन रहा है। गडकरी ने कहा कि एक समय था जब यूपी की पहचान गरीब प्रदेश के रूप में थी। लेकिन 2017 के बाद सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी की तस्वीर बदली है। कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ तो यूपी में दस लाख करोड़ का निवेश आया है।



पारदर्शी व्यवस्था से किसानों का जीवन सुधरा : योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 से पहले देश में किसान शोषण का शिकार थे। उन्हें उनकी उपज का दाम नहीं मिल पाता था। आज पारदर्शी व्यवस्था से उनके जीवन में परिवर्तन आया है। किसानों की आय कई गुना बढ़ी है। मुआवजा समय पर मिल पा रहा है। किसान पथ के निर्माण से लखनऊ वासियों के आवागमन मार्ग सुगम हो जाएगा। लखनऊ के डिफेंस कॉरिडोर में ब्रह्मोस मिसाइल बनने जा रही है।

राजनीतिक शिष्टाचार

महर्षि विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के लिए राजनीतिक शिष्टाचार दिखाया। राजनाथ जैसे ही मंच पर पहुंचे तो योगी ने अपनी सीट छोड़कर राजनाथ को वहां बैठने का आग्रह किया। लेकिन राजनाथ ने योगी से कहा कि आप यहीं बैठिए मैं पास में बैठ जाऊंगा। अमर उजाला

यूपी के एथेनॉल से हवाई जहाज भी चलेंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब यूपी के एथेनॉल से केवल गाड़ी ही नहीं, बल्कि आने वाले समय में दुनिया में हवाई जहाज भी चलेंगे। इंडियन ऑयल की ओर से इसका प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिससे किसान अन्नदाता नहीं, ऊर्जादाता बनेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यूपी को हाइड्रोजन निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।